राजस्थान सरकार

# कार्यालय जिला कलक्टर, गंगापुर सिटी (राज0)

क्रमांक / F.10(B)/Vividh/2024/ 89 दिनांकः—यथा हस्ताक्षर

## बैठक कार्यवाही विवरण

जिला दूरसंचार समिति (DTC) की साधारण सभा की बैठक दिनांक 14.10.2024 (सोमवार) को दोपहर 12.30 बजे श्रीमान जिला कलक्टर महोदय, गंगापुर सिटी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थिति पत्रांकानुसार अधिकारीगण उपस्थित हुए।

बैठक कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :—

1. श्रीमान जिला कलक्टर महोदय द्वारा ROW पोर्टल के प्रकरणों पर चर्चा की गई जिस में आयुक्त, नगर परिषद, गंगापुर सिटी व अधिशाषी अधिकारी, टोडाभीम, बामनवास, वजीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि ROW पोर्टल पर विभागीय स्तर पर लम्बित प्रकरणों की संख्या शून्य है। अध्यक्ष महोदय द्वारा संबंधित अधिकारीगण को ROW पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश प्रदान किये गये।
2. सभी सम्बन्धित विभागों को Call Before you Dig (CBuD) मोबाइल एप्लीकेशन / पोर्टल की उपयोगिता / कार्यप्रणाली तथा इसके अधिकतम उपयोग किये जाने के संबंध में राज्य स्तर से प्राप्त होने वाले निर्देशों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गई। इस सम्बन्ध अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी सम्बन्धित विभागों को अपने राज्य स्तरीय नोड़ल अधिकारियों से समन्वय कर CBuD पोर्टल पर मैपिंग करवाये जाने / अद्यतन करवाये जाने तथा आगामी कार्यादेश / NOC जारी करते समय आवश्यक रूप से CBuD का उपयोग करने हेतु निर्देशित किया, साथ ही सभी सम्बन्धित को निर्देशित किया की अधीनस्थ कार्यकारी एजेंसी को भी कार्य प्रारंभ करने से पूर्व CBuD एप्लीकेशन के माध्यम से विभागों से Acceptance/NOC प्राप्त करने हेतु पाबंद करें।

(रामकिशोर मीना )
अतिरिक्त जिला कलक्टर
गंगापुर सिटी

क्रमांक / F.10(B)/Vividh/2024/ दिनांकः—यथा हस्ताक्षर

प्रतिलिपि—

1. श्रीमान पुलिस अधीक्षक, गंगापुर सिटी।
2. अतिरिक्त जिला कलक्टर, गंगापुर सिटी।
3. अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, गंगापुर सिटी।
4. उपनिदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, गंगापुर सिटी।
5. श्री महावीर प्रसाद मीना, सहायक निदेशक DoT जयपुर राजस्थान।
6. अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग / जेवीएनएल गंगापुर सिटी / पीएचईडी गंगापुर सिटी।
7. आयुक्त नगर परिषद, गंगापुर सिटी / अधिशासी अधिकारी बामानवास, टोडाभीम
8. क्षेत्रिय, प्रदूषण नियंत्रण मण्डल।
9. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, गंगापुर सिटी।
10. उपमण्डल अधिकारी बीएसएनएल गंगापुर सिटी।

अतिरिक्त जिला कलक्टर
गंगापुर सिटी

Signature Not Verified
Digitally Signed by Ramkishor Meena
Designation : Additional Collector And Additional District Magistrate
Date :17-10-2024 03:57:56

RajKaj Ref No.: 11219163